| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2018-19

## HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MZHN203

CLASS: VIII — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

12.03.2019 — Max .Marks: 80

**निर्देश:**

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

## खण्ड (क) पदय व गदय

**प्रश्न** — Marks

**प्रश्न 1 नीचे लिखी पंक्ति को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

**(क) सीस पगा न झँगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।**

1. यह पंक्ति किसने, किससे कही?
2. प्रस्तुत पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?
3. 'तन' शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
4. यह पंक्ति किस कविता से ली गई है?
5. प्रस्तुत पंक्ति के कवि कौन हैं?

**(ख) "अच्छा पहले पाँच सौ रुपये गिनकर सहेज लीजिए।"** 1x5=5

1. यह वाक्य किसने, किससे कहा?
2. ये रुपये उन्हें किसने दिए?
3. 'सहेज लीजिए' से आप क्या समझते हैं?
4. प्रस्तुत वाक्य में आए विशेषण ढूँढ़कर लिखिए?
5. यह वाक्य किस पाठ से लिया गया है? इस पाठ के लेखक कौन हैं?

**प्रश्न 2 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** 1x5=5

1. द्विज 2. उर 3. पुलकनि 4. बंधन 5. महावत

**प्रश्न 3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** 1x6=6

1. दीवाने शब्द से क्या तात्पर्य है?
2. झाऊलाल की चिंता का क्या कारण था?
3. कृष्ण ने सुदामा को सब कुछ बिना बताए क्यों दिया?
4. 'बाज और साँप' शीर्षक पाठ के आधार पर साँप किस प्रवृत्ति का प्राणी है?
5. दुनिया को भिखमंगा क्यों कहा गया है?
6. आकाश में उड़ता हुआ बाज कहाँ और किस स्थिति में गिरा?

**प्रश्न 4 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए।** ***(only 5)*** 2x5=10

1. 'अकबरी लोटा' शीर्षक कहानी आज के युवाओं के लिए क्या संदेश देती है?
2. कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?
3. बूँद के पुरखे कौन थे और वे कहाँ रहते थे?
4. सुदामा को क्या भ्रम हो गया?
5. बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?
6. ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी?

**प्रश्न 5 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए।** ***(only 3)*** 3x3=9

1. 'दीवानों की हस्ती' शीर्षक कविता का प्रतिपादय लिखिए।
2. घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।
3. जल को ही जीवन की संज्ञा क्यों दी गई है?
4. बिलवासी मिश्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 6 नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया के भेद पहचानकर लिखिए।** 1x2=2

1. अध्यापक ने सुरेश को बुलवाया।
2. अंशु ने सतीश को अपशब्द कहे।

**प्रश्न 7 नीचे लिखे वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग करके लिखिए।** 1x2=2

1. सभी खिलाड़ी मैदान से लौट रहे हैं।
2. पिताजी सबके लिए नए कपड़े लाए।

**प्रश्न 8 नीचे लिखे वाक्यों में अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।** 1x2=2

1. शायद आज वर्षा हो।
2. ईश्वर तुम्हें सद्बुद्धि दे।

**प्रश्न 9 नीचे लिखे वाक्यों में रचना के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।** 1x2=2

1. मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूँ और मेरी बहन चौथी में।
2. माँ ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के लिए मन लगाकर पढ़ाई करो।

**प्रश्न10क)** **नीचे लिखे शब्दों की संधि कीजिए।** 1x2=2

1. भारतेंदु 2. महौजस्वी

**ख)** **नीचे लिखे शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।** 1x2=2

1. सु+अच्छ 2. मातृ+उपदेश

**प्रश्न 11** **नीचे लिखे वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखिए।** 4x½=2

1. अरे तुम्हें कैसे पता चला
2. अनीता ने फल सब्जियाँ और तेल खरीदा

**प्रश्न 12** **नीचे लिखे शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** 1x2=2

1. पाठशाला 2. अमीर-गरीब

**प्रश्न 13** **नीचे लिखे उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।** 1x2=2

1. निर् 2. अ

**प्रश्न 14** **नीचे लिखे शब्दों से प्रत्यय अलग करके लिखिए।** 1x2=2


1. शक्तिमान 2. धनवान

**प्रश्न 15** **नीचे लिखी लोकोक्तियों को पूर्ण करके लिखिए।** 1x2=2

1.अधजल ________________ जाए। 2. दूर के ________________

## खण्ड (ग) रचना

**प्रश्न 16** **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 30-35 शब्दों में कीजिए।** 3



**प्रश्न 17** **नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

हमारी हिंदी एक सजीव भाषा है। इसी कारण अरवी, फ़ारसी आदि भाषाओं के संपर्क में आकर इनके शब्द ग्रहण किए हैं और अब अंग्रेजी के शब्द भी ग्रहण कर रही है।इसे दोष नहीं गुण समझना चाहिए।अपनी इस ग्रहण शक्ति के कारण ही हिंदी समृद्ध हो रही है।ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा त्यों-त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा।हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनेक भाषाओं के मिलने के बाद भी हमारी भाषा हिंदी अपने स्वरूप को विकृत न कर सके और उसका निरंतर विकास होता रहे।

**प्रश्न**

1. हिंदी भाषा में किन-किन भाषाओं के शब्द आ गए हैं?
2. हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?
3. हिंदी भाषा कैसी भाषा है?
4. 'अवगुण' और 'विनाश' शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।
5. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न 18** **जन्मदिन पर सुंदर उपहार प्राप्त करने पर दादाजी को धन्यवाद पत्र लिखिए।** 5

**या**

**बस में यात्रा कर रहें दो यात्रियों के बीच 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए।**

**प्रश्न 19** **किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** 5

**1** स्वास्थ्य ही धन है। **2** बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ। **3** पुस्तकों का महत्व

End the question paper.